# फर्द अहकाम
## कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट राजसमन्द, जिला राजसमन्द

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय– 446, भूपालपुरा मेन रोड, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर तथा शाखा कार्यालयः– गांधी सेवा सदन के सामने, किशोर नगर, राज नगर, राजसमन्द –313324 जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री रामकेश मीणा

**– प्रार्थी बैंक**

**बनाम**

1. मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा.लि., पता :– राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8, बडारडा, ग्राम–पोस्ट– बडारडा, जिला– राजसमन्द (राज.) **(ऋणी)**
2. श्री अशोक जैन पुत्र स्व. श्री भंवर लाल जैन, निवासी 34, दयाल शाह किला रोड, मांडा, जिला – राजसमन्द (राज.) **(निदेशक)**
3. श्री कैलाश सिंघवी पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार सिंघवी निवासी नई हवेली चौक, तह. – नाथद्वारा, जिला – राजसमन्द(राज) **(निदेशक)**
4. श्री अभिषेक जैन पुत्र श्री भंवर लाल जैन निवासी 34, दयाल शाह किला रोड, मांडा, जिला राजसमन्द (राज.) **(निदेशक)**
5. श्रीमती रूक्मणी भँवर लाल जैन पत्नी श्री भँवर लाल जैन निवासी 34, दयाल शाह किला रोड, मांडा, जिला– राजसमन्द (राज.) **(गारंटर)**

**–अप्रार्थीगण**

**किस्म मुकदमा**– प्रार्थना पत्र सरफेसी एक्ट **पत्रावली संख्या 58 / 2019**

| क्रमांक | कार्यवाहिक विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|---|
| | **दिनांक 10 / 12 / 2019**<br>प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा कार्यालयः– राजसमन्द ने दिनांकः 04–11–2019 को इस न्यायालय में धारा 14 अन्तर्गत वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत प्रस्तुत किया हैं जिसे दर्ज रजिस्टर किया गया।<br>अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैंक से जरिये ऋण करार खाता संख्या 592605010000108, 592606110000012 के द्वारा 12,00,00,000 /– + 57,00,000 /– = कुल राशि 12,57,00,000 /– रूपये का ऋण लिया था। अप्रार्थीगण ने उक्त ऋण मय ब्याज के पुर्नभुगतान की सिक्योरिटी के पेटे अपनी अचल संपत्ति– (अ) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति खसरा नं– 1278,1279,1280,1281,1282,1283 क्षेत्रफल 05 बिघा 08 बिस्वा है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द (राज.) में स्थित है, को प्रार्थी बैंक के पास साम्यिक बंधक (Equitable Mortgage) किया। (ब) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति खसरा नं– 1284 क्षेत्रफल 01 बिधा 06 बिस्वा (2100 वर्ग मी.) है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द (राज.) में स्थित है, को प्रार्थी बैंक के पास साम्यिक बंधक (Equitable Mortgage) किया। (स)मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति खसरा नं– 1303,1304 क्षेत्रफल 3319 वर्ग मी. है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द (राज.) में स्थित है, को प्रार्थी बैंक के पास साम्यिक बंधक (Equitable Mortgage) किया। अप्रार्थीगण नियमित रूप से प्रार्थी बैंक के उक्त ऋण | |

का भुगतान नही कर सके और दिनांक 30.04.2019 ऋण के भुगतान मे व्यक्तिक्रम डिफाल्ट होने पर अप्रार्थीगण के उक्त ऋण खाते को एन.पी.ए. घोषित कर दिया है। प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थीगण के ऋण खाता संख्या 592605010000108, 592606110000012 में बकाया रूपये 12,59,34,581.10 (रूपये बारह करोड उनसठ लाख चौंतीस हजार पाँच सौ इक्यासी पैसे दस मात्र ) बकाया रकम व ब्याज दिनांक 01.05.2019 तक शेष व देय निकलते है की मांग हेतु उक्त अधिनियम कि धारा 13(2) के अन्तर्गत दिनांक 15.05.2019 को एक नोटिस अप्रार्थीगण को प्रेषित किये जो की अप्रार्थीगण को तामील हो गये परन्तु धारा 13(2) के नोटिस की प्राप्ति व जानकारी के पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा देय राशि का भुगतान प्रार्थी बैंक को नहीं किया गया है उक्त धारा 13(2) का नोटिस प्रोपर तामिल होने कि दिनांक 17.05.2019 हैं। अप्रार्थी संख्या 1 ने प्रार्थी बैंक के पक्ष में उक्त ऋण अवधि की पुर्नभुगतान के लिए जो संपत्ति बंधक रखी है। उसका प्रार्थी बैंक मे रहन दस्तावेजो के अनुसार विवरण इस प्रकार है – (अ) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति खसरा नं– 1278,1279, 1280,1281,1282,1283 क्षेत्रफल 05 बिघा 08 बिस्वा है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द (राज.) में स्थित है। तथा जिसकी चारो सीमाएँ निम्न है :– पूर्व में :– प्रभु लाल कुमावत की कृषि भूमि, उत्तर में :– आम रास्ता, दक्षिण में :– सुमन मार्बल्स व भंवर लाल कुमावत की कृषि भूमि पश्चिम में :– एन एच.– 8, उक्त संपत्ति का पटटा विलेख दिनांकित 27.08.1991 को उपपंजीय राजसमन्द द्वारा जारी किया गया है। बंधक संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्ध दस्तावेजात की फोटो प्रति सलग्न है। (ब) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति जिसका खसरा नं– 1284, क्षेत्रफल 01 बिधा 06 बिस्वा (2100 वर्ग मी.) है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द(राज.) में स्थित है। तथा जिसकी चारो सीमाएँ निम्न है :– पूर्व में :– आराजी न.– 1301, उत्तर में :– आराजी नं.– 1278, दक्षिण में :– आराजी नं– 1286,1301, पश्चिम मे :– आराजी नं– 1283,1285,1286 उक्त संपत्ति का पटटा विलेख दिनांकित 17.06.2010 को उपपंजीय राजसमन्द द्वारा जारी किया गया है। बंधक संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्ध दस्तावेजात की फोटो प्रति सलग्न है। (स) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति जिसका खसरा नं– 1303,1304 क्षेत्रफल 3319 वर्ग मी. है जो कि गांव– कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द(राज.) में स्थित है, बंधक संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्ध दस्तावेजो की फोटो प्रति सलग्न है। प्रार्थी बैंक उक्त एक्ट के प्रावधानों के अनुसार उक्त चरण संख्या 05 में वर्णित सिक्यूरिटी बंधक सम्पत्ति का वास्तविक कब्जा प्राप्त करने व विक्रय कर उक्त शेष देय राशि वसूल करने का अधिकारी हैं।

प्रकरण में प्रार्थी बैंक/वित्तिय संस्था द्वारा ऋणी तथा गारण्टर को धारा 13(2) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नोटिस दिनांकः 15.05.2019 को जारी किया गया था। उक्त नोटिस विपक्षी को प्रोपर तामिल होने की दिनांकः 17.05.2019, 18.05.2019 हैं। आवेदक बैंक/वित्तिय संस्था द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं अभिलेख व आवेदक के शपथ–पत्र पर विचार करने के उपरान्त हम धारा 14 अन्तर्गत वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 में प्रदत्त की गयी

शक्तियों के तहत प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाना उचित समझते हैं।

प्रार्थी यूनियन बैंक द्वारा प्रस्तुत दावे अनुसार बंधक सम्पत्ति का विवरण इस प्रकार है – (अ) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति खसरा नं– 1278,1279, 1280,1281,1282,1283 क्षेत्रफल 05 बिघा 08 बिस्वा है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द (राज.) में स्थित है। तथा जिसकी चारो सीमाऍ निम्न है :– पूर्व में :– प्रभु लाल कुमावत की कृषि भूमि, उत्तर में :– आम रास्ता, दक्षिण में :– सुमन मार्बल्स व भंवर लाल कुमावत की कृषि भूमि पश्चिम में :– एन एच.– 8, उक्त संपत्ति का पटटा विलेख दिनांकित 27.08.1991 को उपपंजीय राजसमन्द द्वारा जारी किया गया है। बंधक संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्ध दस्तावेजात की फोटो प्रति सलंग्न है। (ब) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति जिसका खसरा नं– 1284, क्षेत्रफल 01 बिधा 06 बिस्वा (2100 वर्ग मी.) है जो कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द(राज.) में स्थित है। तथा जिसकी चारो सीमाऍ निम्न है :– पूर्व में :– आराजी न.– 1301, उत्तर में :– आराजी नं.– 1278, दक्षिण में :– आराजी नं– 1286,1301, पश्चिम मे :– आराजी नं– 1283,1285,1286 उक्त संपत्ति का पटटा विलेख दिनांकित 17.06.2010 को उपपंजीय राजसमन्द द्वारा जारी किया गया है। बंधक संपत्ति के स्वामित्व सम्बन्ध दस्तावेजात की फोटो प्रति सलंग्न है। (स) मैसर्स मूनलाइट मार्बल्स प्रा. लि. के नाम भूमि एवं निर्माण औधौगिक संपत्ति जिसका खसरा नं– 1303,1304 क्षेत्रफल 3319 वर्ग मी. है जो कि गांव– कि गांव– बडारडा, तहसील एवं जिला – राजसमन्द(राज.) में स्थित है।

मा0 राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकः 04.10. 2016 सिविल रिट पिटिशन नं0 6256/2016 कि धारा 14 के प्रावधानों के तहत यह आदेश एकपक्षीय सुनवाई कर जारी किया जा सकता हैं विपक्षी को उक्त मामले में सुनवाई हेतु नोटिस जारी करने की कानूनन कोई आवश्यकता नहीं हैं।

उपरोक्त सम्पत्ति किसी अन्य को स्थानान्तरण नहीं की हो, किसी न्यायालय का कोई आदेश/स्थगन प्रभावी नहीं होने पर उक्त निवासी सम्पत्ति का भौतिक रुप से कब्जा प्रार्थी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा राजसमन्द को जरिये पुलिस मदद के दिलवाये जाने के आदेश दिए जाते हैं। इस आदेश की पालना हेतु प्रति जिला पुलिस अधीक्षक, राजसमंद को प्रेषित की जाकर प्रार्थी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा राजसमन्द को नियमानुसार पुलिस जाब्ता राशि जमा होने पर पर्याप्त पुलिस जाब्ता उपलब्ध कराया जावें।

**पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।**

**(अरविन्द कुमार पोसवाल)**
**जिला मजिस्ट्रेट**
**राजसमन्द**

न्यायालय जिला कलक्टर